घरे जायनै दस माणस आपरा लेयनै आयकर भेळो हुओ। साहिजादी साथै हुओ जाय।[10] खावण-पीवणनू रोजीनो कर दियो।[11] बीजो ही माहैसू इनांमरो पण क्युहेक मेल्है। सु साहिजादी चाली मांडव गई। उठै जायनै साहिजादी सिसोदिया सिवारो सैमान कराय दियो। नै पातसाहजीसू मालम कियो–'पातसाह सलामत! मोनू नदी माहैसू वूडतीनू एकै सिसोदियै रांणारै भाई काढी छै।[12] तिणनू म्है भाई कहि बोलायो छै, सु हजरत उसकू पावां लगावो नै चाकर करो।'[13] तिण ऊपर पातसाहजी फुरमायो–'आय पावां लागो।'[14] ताहरा सिवानू पांवां लगायो।

---

1 मेरे लिए क्या आज्ञा है? 2 मुझको लेकरके बाहर निकल गया तो तेरे समान कोई (उपकारी) नही। 3 मेरे कंधे पर हाथ दे दो (मेरा कंधा पकडलो) सो मैं आपको लेकर बाहर निकल जाऊं। 4 तब शाहजादीने कंधा पकड लिया। 5 सबने बधाइयां बांटी। 6 बहुत उपहार दिया। 7 तू मेरे साथ मांडवको आये तो बादशाहसे अर्ज करके तेरेको मनसब दिलवाऊं। 8 इस पर शिवाने ही देखा (सोचा)। 9 मेरे पर शाहजादी कृपा कर रही है, मैंने भी अच्छी सेवा की है। साथमे जाऊं तो प्राप्त करूं। 10 शाहजादीके साथ होकर जा रहा है। 11 खाने-पीनेके लिए रोजाना निश्चित कर दिया। 12 बादशाह सलामत! मुझको नदीमे डूबती हुईको राणाके भाई एक शिशोदियाने बाहर निकाला। 13 उसको मैंने अपना भाई कहा है सो हजरत उसे अपने पावों लगाये और अपना चाकर बनाएं। 14 आकरके पावां लगे।

हमै सिवो पातसाहजीरी चाकरी करै। पातसाहजी सिवै ऊपर घणी महरवानगी करै।

एक दिन पातसाहजी सिवैनू फुरमायो–'तू मांग। तोनू मांगै सो ठोड़ द्यां।'[1] ताहरां सिवै अरज कीवी–'पातसाह सलांमत! महरवांन छो तो हूं म्हारो उतन पाऊं।'[2] तिणै ऊपर पातसाह सिवैनू उतनरी तसलीम कराई नै पातसाह कह्यो–'थारो उतन कासू छै?'[3] ताहरां पातसाहजीसू सिवै अरज कीवी–'आमद देसमे आतरीरो परगनो छै सु माहरो उतन छै।' तिण ऊपर सिवानूं उतनरो पटो कराय दियो। घोड़ो सिरपाव दियो। घणी दिलासा देनै देसनू विदा कियो।[4]

साहजादी पण इणनू विदा हुतैनू घोड़ो सिरपाव देय, रुपिया हजार तीस-चाळीसरो माल देनै विदा कियो। फुरमायो–'हूं थारी बहन छू। तू म्हारो भाई छै। तू खातर जमै राखै। हू तोनू म्होटो करीस।' सिवानू रावरो खिताब देरायो।[5]

ताहरां सिवै उठासू देसनै चढ खडियो। वीच मे आवतै दस मांणस रूड़ा चाकर राखिया। पटा लिख-लिख दिया। असवार ४००-सू घरे आयो।[6]

पछै सारा परगना मांहै जायनै वडो अमल कियो। धरती माहै राखण जोगो हुतो सु राखियो। काढण जोगो हुतो सु काढियो।[7] धरतीरो वडो सलूक कियो।[8] आपरो जमीयत खरी कीध्री।[9] सिसो-

---

1 तू मागे सो ही जगह तेरेको दे दें। 2 वादशाह सलामत! आप यदि महरवान हैं तो मुझे मेरा वतन (देश) मिले। 3 इस पर वादशाहने शिवा के वतन (देश) की तसलीमकी और वादशाहने कहा कि तुमारा वतन कौनसा है? 4 घोडा सिरोपाव दिया और खूव सान्त्वना देकर देशको विदा किया। 5 तू खातिरजमा रखना, मैं तुझे वडा वनाऊगी और शिवाको रावका खिताव दिलवाया। 6 तव शिवा वहासे देशको रवाना हुआ। वीचमे आते हुए दस अच्छे आदमियोको चाकर रखा। गावोके पट्टे लिख-लिख कर दिए। इस प्रकार ४०० सवारोको साथ लेकर अपने घर आया। 7 फिर सारे परगनेमे जाकर वडा अमल जमाया। देशमे जो रखने योग्य था उसे रखा और निकालने योग्य था उसे निकाल दिया। 8 देशका वडा अच्छा प्रवन्ध किया। 9 अपने समुदाय को दृढ किया।

दियै सिवै छाजुओत बहोत साहिबी पाई। सिवैथी चंद्रावतांरी साख ठकुराई हुई।[1] सिवै गांव १४००सूँ आंतरीरो परगनो पायो। सिवो राव कहाणो।

१. राव सिवो।

२. राव रायमल।

३. राव अचळो।

इतरी पीढी तो आतरी राज हुतो।[2] पछै अचळैरो बेटो दुरगो टीकै बैठो। तिण राव दुरगै कसबो नवो वसायो नै श्री रांमचद्रजीरै नांमसूँ रांमपुरो ठाकुरांरै हेत नांम दियो।[3] राव वडो देसोत[4] हुओ। राव दुरगो वडो दातार हुओ। चंद्रावतांरै घर मांहै वडो कारणीक ठाकुर हुओ।[5] हिवै चंद्रावतांरै पाटवीरो राजथान रामपुरै छै।[6] रामपुरो वडो ठोड़। सारी धरती दुफसळी छै। वडी जरायत धरती।[7]

---

1 शिवासे चन्द्रावत शाखाकी ठकुराई हुई। 2 इतनी (शिवा, रायमल और अचला—ये तीन) पीढी तक तो आतरीमे राज्य रहा। 3 राव दुर्गाने नया कस्बा बसाया और श्रीरामचन्द्रजीके नाम पर श्रीठाकुरजी श्रीरामचन्द्रजीके हेतु (अर्पण करके) उसका नाम रामपुरा दिया। 4 देशपति। 5 चन्द्रावतोके घरमे राव दुर्गा बड़ा प्रतिष्ठित (प्रामाणिक) ठाकुर हुआ। 6 अब चन्द्रावतोंके पाटवी अधिपतियोकी राजधानी रामपुरा है। 7 खेतीके लिए बहुत बढ़िया धरती। (जिराअत=१ खेती। २ खेतीकी भूमि। ३ कृषिकी बहुत बढ़िया भूमि। ४ पुष्कल वर्षा द्वारा सिंचित होने वाली कृषि योग्य भूमि। जरायत का विपरीत बागायत है। बागकी सीचाई कुएसे होती है।)

पीढियांरी हकीकत

१. पाट बैठा त्यांरा[1] नांम

१. रांणो भीमसी–

भीमसी दस सहँस मेवाडरो धणी ।[2] तिणरो बेटो चाँदरो । तिणरै पेटरा चद्रावत कहीजै ।[3] उतन रामपुरो ।[4] रांणो भीमसी मेवाड़रो धणी । रांणाजीरी पीढियांमें रांणो भीमसी पीढी ११८ मांहै छै ।[5]

२ चांदरो सिसोदियो

चांदरो रांणा भीमसीहरो बेटो । चांदरारा पोतरा ठाकुर गढ-पति हुआ ।[6] तिणरा चंद्रावत कहीजै ।[7]

३. सिसोदियो साजन चांदरारो बेटो

चांदरा पछै पाट बैठो । साजनरै बेटा २ हुआ । जांझण टीका-यत ।[8] छाजू छोटो बेटो ।

४. सिसोदियो छाजू साजनरो बेटो

छाजू भोमियो थको धरती मांहै रहतो हुतो पठाररै गांवां ।[9]

५ राव सिवो

छाजूरो बेटो ठाकुर हुओ । मांडवरै पातसाह हुसग गोरीरो चाकर हुओ । आतरीरो परगनो पायो । गांम १४०० पाया । रावाईरो किताव पायो ।[10] राव सिवैसूं राव कहांणा ।[11] कुंवर पृथ्वीराज रांणा रायमलरा बेटासूं वडी वेढ कीधी ।[12]

---

1 उनके । 2 भीमसी दस सहस्र मेवाड(के गावो)का स्वामी । 3 जिसके वशज चद्रावत कहे जाते है । 4 वतन (निवास) रामपुरा । 5 राणाजीकी पीढियोमे राणा भीमसी ११८वी पीढीमे है । (वात चन्द्रावतारी पृ० २३९मे ११८ पीढीके वाद राणा भवणसी [भीमसी]का होना वताया है ।) 6 चादराके पौत्र-ठाकुर गढपति हुए । 7 जिसके वशज चन्द्रावत कहे जाते हैं । 8 जाभण टीकायत हुआ । 9 छाजू देशके पठारके गावोमें भोमियाकी स्थितिमे रहता था । 10 रावाई (राव)का खिताव पाया । 11 राव शिवासे राव कहलाने लगे । 12 कुवर पृथ्वीराजने राणा रायमलके वेटेसे वड़ी लडाई लडी ।

६. राव रायमल

सिवारै पाट बैठो। मांडवरी पातसाही निबळी पड़ी नै रांणैरी वडी साहिबी।[1] तरै राणै कूभै रायमलनू दबायो। चाकर कियो।[2] राव रायमल जाय राणैसूं मिळियो।

७ राव अचलो रायमलोत

पछै अचळो पाट बैठो। अचळै रांणै सांगेरी चाकरी कीधी। राणारा थको हुअो।[3] रांणो सांगो वडो प्रतापीक हुअो। माडव दिलीरी धरती दबायनै लीधी।[4]

८. राव दुरगो

अचळारै पाट दुरगो बैठो। वडो देसोत[5] हुअो। वडो ठाकुर हुअो। राव दुरगो जोरावर थको रहै। रांणासूं मिळै नही। रांणा नै राव दुरगै आपसमे वांणक को नही।[6] नै रांणैरी वडी साहिबी। ताहरा दुरगो दिलीरा पातसाह अकबरसू जाय मिळियो। चाकर हुअो। राव दुरगो पातसाह अकबररी वार माहै कारणीक ठाकुर हुअो।[7] रामपुरा ऊपर च्यार ठोड पातसाह बीजी दीधो।[8] राव दुरगै आतरीरो कसबो छाड नै नवो कसबो वसायो, रामपुरो नाव दियो।[9]

९. राव चंदो

राव दुरगैरै पाट बैठो।

१०. नगजी

नगजी राव चदैरो टीकायत बेटो थो, सु कुवरपदै राव चदै जीवतां हीज मुवो।[10]

---

1 माडवकी वादशाही निर्बल हुई उस समय राणाकी वडी साहिवी हुई। 2 तब राणा कुभेने रायमलको दबा कर अपना चाकर बनाया। 3 अचलाने राणा सागाकी चाकरी की। राणाके आधीन हुआ। 4 मांडव और दिल्लीकी धरती दबा कर ले ली। 5 बडा देशपति हुआ। 6 राणा और राव दुर्गाके परस्पर मेल-जोल नही। 7 राव दुर्गा बादशाह अकबरके समयमे बडा प्रतिष्ठित (प्रामाणिक) ठाकुर हुआ। 8 रामपुराके अतिरिक्त चार ठौर (परगने) और वादशाहने दीं। 9 राव दुर्गाने आंतरीका कस्वा छोड़ कर नया कस्वा वसाया, उसका नाम रामपुरा दिया। 10 नगजी राव चदेका टीकायत बेटा था सो राव चदाके जीतेजी कुवरपदे ही मर गया।

११. राव दूदो

तिण नगजीरै बेटो दूदो हुतो, तिणनूं टीकायत कियो। टीकै बैठो। राव दूदो वडो देसोत हुओ। पातसाह साहजहां दौलताबाद ऊपर मोहबतखांननूं मेलियो, ताहरां दौलताबाद लेतां राव दूदो कांम आयो।[1] राव दूदैरो काको गिरधर चांदावत पण दौलताबाद दूदा भेळो कांम आयो।[2]

१२. राव हठीसिंघ

पछै दूदैरै पाट राव हठीसिंघ बैठो। सु राव हठीसिंघरै छोरू नही हुओ। मोटियार थको मुंवो।[3]

१३. रूपसिंघ रुखमांगदोत

राव हठीसिंघरै पाट रूपसिंघ रुखमांगदोत। रुखमांगद चांदावत। सु रूपसिंघ पाट बैठो।

१४. राव अमरसिंघ हरिसिंघोत

राव रूपसिंघरै पाट राव अमरसिंघ हरिसिंघोत। हरिसिंघ चांदावत। सु अमरसिंघ पाट बैठो। राव रूपसिंघरै छोरू को नहीं हुओ।[4] पछै बेटो जायो।[5] पातसाह साहजहां राव अमरसिंघनूं टीको दियो।[6]

---

1 बादशाह शाहजहाने महोबतखानको दौलताबादके ऊपर भेजा, तब दौलताबाद पर अधिकार करते समय दूदा काम आया। 2 राव दूदेका चाचा गिरधर चांदावत भी दौलताबादमें दूदाके साथ काम आया। 3 राव हठीसिंहके कोई पुत्र नही हुआ। युवावस्थामें ही मर गया। 4 राव रूपसिंहके कोई पुत्र नही हुआ। 5 बादमें पुत्र उत्पन्न हुआ। 6 बादशाह शाहजहाने राव अमरसिंहको टीका दिया।

अथ वात सिखरो बहलवै रहै तैरी

जेसळमेर सोढारैं विचमें कोटेचा रजपूत रहै।[1] कोटेचारै वड-कुवार दीकरी सु पड़िहारैरो मोहिल परणीजणनू आयो।[2] भली-भांतरो व्याव हुवो।

व्याव कर तठासू चालिया।[3] वीच मारगमें आवता भगत हुई, तेथ सोळै बाकरा किया था।[4] सु बाकरारा माथा, खुरा चरू माहै राखिया हुता।[5] पछै उठासू कूच हुवो। आगै मारगमे तळाव आयो। ताहरा वडेरा[6] ठाकुर हुता[7] सु बोलिया–'जु सिनान करो, सेवा-पूजा कर अमल करो। सेजवाळो एकै आंतरै छोड़ावो।'[8] ताहरा कोटेची छोकरीसू कह्यो–'दातण लाव।' ताहरां छोकरी दातण लाई। दातण कर कागसी वाही।[9] सिनांन कियो। श्री ठाकुरांरा नांम लिया।[10] पछै सिरावण मांगियो।[11] ताहरां छोकरी कह्यो–'बाईजी! एथ सिरांवण बीजो तो क्युही नही। बाकरारा पूचणा तो चरू मांहै छै।'[12] ताहरां कह्यो–'चरू हेठो उतार।'[13] पछै छोकरी पुरसती गई। ठकुरांणी जीमती गई।[14] वे पूचणा सेह ही आचमन किया।[15]

पछै ठाकुरां दातण सिनांन कर नाम ले[16] सीस खुरा मंगाया। आयनै छोकरीनूं कह्यो–'प्रांचणांरो चरू दै।' ताहरां छोकरी कह्यो–'चरूसौं कासूं करसो?'[17] कह्यो–'चरू मांहै प्रांचणा छै।' ताहरां छोकरी कह्यो–'प्रांचणा सिगळांहीरो सिरांवण कियो।'[18] ताहरां

---

1 जैसलमेर (भाटियो) और (उमरकोट) सोढोके बीचमे कोटेचा राजपूत रहते हैं। 2 कोटेचोके एक वड कुमारी पुत्री जिसको पडिहारेका मोहिल व्याहनेको आया। 3 विवाह कर वहासे चले। 4 लौटते हुए मध्य मार्गमे खानेकी तैयारी हुई जहा सोलह वकरे मारे गये थे। 5 सो वकरोके सिर और खुर चरुआमे डाल रखे थे। 6 वडे-वुड्ढे। 7 थे। 8 स्नान करलो और सेवा-पूजा कर के अफीम लेलो। पालकीको एक ओर थोडी दूर छुडवा दो। 9 दांतुन कर कघी की। 10 श्री भगवानका नाम-स्मरण किया। 11 फिर नाश्ता मागा। 12 वाईजी! यहा कलेवाके लिए और तो कुछ नही है, वकरोके सिर-खुर तो चरु मे रखे हैं। 13 चरूको नीचे उतार दे। 14 फिर दासी परोसती गई और ठकुरानी खाती गई। 15 उन सभी पूचनोंका आचमन कर गई। 16 भगवानके नामका सुमिरण कर। 17 चरूका क्या करेंगे? 18 सभी प्राचणोका नाश्ता कर लिया।

सारा ही ठाकुर अबोला रह्या ।[1] मनमैं सोच हुवो । पछै हालिया । पड़िहारै आय पहुता ।[2]

पडिहारै जायनै ठाकुर प्रधाननू कह्यो । ठाकुर प्रधान आलोच करनै कह्यो–'जु ईयै ठाकुरांणीरा मोजडा म्हांसूं ऊपड़ै नही ।'[3] तिवारै रात कागळ लिख गांव बधायो नै कह्यो–'ईयै रजपूतांणीरा गरजू म्हे नही ।'[4] प्रभात हुवै रजपूताणी कागळ वाचियो । कोटेची रजपूतांसू कहायो–'अठै इसी वात छै ।'[5] पछै कोटेचा सिरदारा आदमी मेल्ह आपरी दीकरी बुलाय लीधी ।[6]

पछै आ वात रावळ मालैजीरै हजूर हुई–'जु खाधरै वई एक रजपूत रजपूतांणी छोडी ।'[7] महेवैरै दरबार मांहे इसी वात हुई ।[8] ताहरां रावळ मालोजी कहै छै–'ओ रजपूत चूको ।[9] उवै रजपूताणीरै पेटरा इसा बळवंत, औनाड़ जोधा हुवत, जु कोटांरा किमाड़ भांजै । भूतां दईतांसू लडै । जीवता सीह पाकड़ै ।'[10]

ताहरां रांणो ऊगमड़ो ईदो बहेलवैरो धणी, रावळ मलीनाथरो चाकर । सु वै ठाकुर दरबार माहै वात सुणी । अर पछै ऊगमसी आदमी कोटेचां आगै मेल्हियो । वीनती कराई–'थांहरी बेटी मोनू दो ।'[11] ताहरां कोटेचा आपरी बेटी ऊगमसी ईंदैनू दीधी । ऊगमसी कोटेचीनू घरे घाली ।[12]* घणो हरख हुवो ।

---

1 तब सभी ठाकुर चुप रह गये (चकित हो गये ।) 2 फिकर हुआ । फिर रवाना हो गये और पडिहाराको आ पहुंचे । 3 ठाकुर और प्रधानने परामर्श करके कहा कि इस ठकुरानीकी जूतियें हमसे नही उठे (इतना खाने वालीको हम वरदाश्त नही कर सकते ।) 4 उस दिन रातको पत्र लिख कर आदमीके साथ गावको वँधवाया और कहा कि इस राजपूतानीकी हमे आवश्यकता नही । 5 प्रभात होने पर (उस आदमीसे लेकर) राजपूतानीने भी उस पत्रको पढा, तव कोटेचीने भी राजपूतो (पीहर वालों)को कहलवाया कि यहा ऐसी वात हो गई है । 6 फिर कोटेचा सरदारोने आदमी भेज कर अपनी पुत्रीको वुला लिया । 7 फिर यह वात रावल मल्लीनाथजीके पास पहुची (दरवारमे फैली) कि खानेकी बातके लिए एक राजपूतने, राजपूतानी (अपनी पत्नी)को छोड दिया है । 8 महेवेके दरवारमे ऐसी चर्चा चली । 9 इस राजपूतने भूल की । 10 उस राजपूतानीकी कोखसे ऐसे वलवान, अनम्र जोधा उत्पन्न होते जो कोटोके किवाड़ तोडे, भूतो और दैत्योसे लडे और जीवित सिंहोको पकडे । 11 और पीछे ऊगमसीने कोटेचोके पास आदमी भेजा और विनयपूर्वक कहलवाया कि तुमारी वेटीको मुझे दे दो । 12 ऊगमसीने कोटेचीको अपने घरमे डाली ।

पाठान्तर—*१ घरे वाळी । २ घरे वासी ।

कोटीचीरै सात बेटा हुवा । तिकांरा नाम–

१. सिखरो ।
२. रोय धवळ ।
३. ऊदो ।
४. राजो ।
५. लाखो ।
६. .... ।
७. .... ।

एक दिन राय धवळ नै ऊदो नीसरिया हुता, रामत करता ।[1] जंगळ माहै रमता-रमता गया । ताहरा एक वघेरो दीठो ।[2] ताहरां लारै छोकरा हुता, तियां कह्यो–'ओ किसो जिनावर छै ?'[3] तद उवा देखता सीह ऊठण पायो नही । ईयां जाय कांनाहू पकड़ियो ।[4] पछै खाचियां-खांचियां गवाड[5] माहै ले आया । खूटो रोपनै बांधियो । छोडियो ताहरां लोकै दीठो[6]–'जु ओ तो नाहर छै ।'[7] ताहरां माणसै कहियो[8]–जु रावळजीरो वचन साचो हुवो, जु ईयै रजपूतांणीरै पेटरा इसा हुसी, सु साच हुई ।[9]

हिवै[10] वहेलवै[11] नै[12] महेवै[13] बीच भ्रोटेळाव[14] तळाव छै । तिण माहे[15] एक भ्रोटिंग[16] रहै । दिन अस्त हुआं पछै जिको[17] तळाव ऊपर कर नीसरै, तिणनू[18] मारै । यू करता एक दिन जगमालजीनू[19] रावळ मलीनाथजीरो बोल[20] याद आयो–'जु ईयै रजपूतांणीरै पेटरो हुसी सु दैतां-भूतासू लडसी ।'[21] सु सिखरैरी परीक्षा कीजै ।

चादणी चवदसरो दिन छै ।[22] सनि आदित्यवाररी सध छै ।[23] ऊपर भ्रड़ मंडियो छै ।[24] सिणफिण मेह वरसै छै ।[25] जगमालजी

---

1 एक दिन रायधवल और ऊदा खेलते-खेलते वाहर निकल गये । 2 तव एक वघेरा देखा । 3 उनके पीछे जो छोकरे थे, उन्होंने कहा कि यह कौनसा जानवर है ? 4 इन्होंने जाकर उसे कानोंसे पकड लिया । 5 गवाड=(१) वाडा (२) मोहल्ला, गली । 6–7 छोडा तव लोगोंने देखा कि यह तो नाहर है । 8 तव मनुष्योंने कहा । 9 इस राजपूतानीके पेटके ऐसे (वली) होंगे, सो सच हुई । 10 अव । 11 एक गावका नाम । 12 और । 13 एक गावका नाम । 14 एक तालावका नाम । 15 उसमे । 16 घने वालों वाला एक काला और दृढ भूत । 17 जो । 18 उसको । 19 जगमालजी-को । 20 वचन । 21 इस राजपूतानीकी कोखसे जो उत्पन्न होगा वह दैत्यो और भूतो-से लडेगा (लड़ने वाला होगा ।) 22 शुक्ल पक्षकी चौदसका दिन है । 23 शनि और रविवारकी सधि (मध्य) है । 24–25 ऊपर वर्षाकी झड़ी लगी हुई और थोडा-थोडा मेह वरस रहा है ।

झरोखै बैठा छै। ताहरां दोय बळाहियां[1] नूं हुकम कियो–'भारा २ लकड़ियांरा बहेलवैरै तळाव झोटेळाव ऊपर वड़ छै, तेथ जाय नांखो।'[2] ताहरां बळाहियां ले जाय लकड़ियां नांखी।

जगमालजी खुसी थका बैठा छै। रात घडी ४ गई छै। खवास, प्रधांन, उमराव मुहडै आगै ऊभा छै।[3] ताहरां सिखरैजीनूं जगमालजी कहियो–'आज राज घरे पधारो।'[4]

एकै भांभी[5]नूं कहियो–'सिखरैजीनूं एक बाकरो आंण देजो।'[6] सिखरैजीनू कहियो–'सिखरोजी! आज झोटेळाव ऊपर सूळा करै घरे जाईजो।'[7]

ताहरां सिखरैजी बाकरैरो कांन चीरनै साथै बांध लियो नै जाय तळाव पुहुता।[8] चढियै ही वडरी साखसौ डोर बांधी नै घोड़ैसू नीचे उतरिया।[9] पासै दोवड़[10] थी तिका नीचे विछाई। घोड़ैरै दुबकी दीधी।[11] ऊपर ढाल मेल्ही।[12] ढाल ऊपर आपरा हथियार मेल्हिया।[13] चकमक झाड़ अगन कीवी।[14] अगीठो जगायो।[15] सिनाननूं पोत काढी।[16] आप तळाव मांहे पैठा।[17]

ताहरां झोटिंग भैंसेरो रूप कर अर आयो। ओ[18] ठाकुर बोलियो-हीज नही। सिखरो पाछो आयनै तरवार ले बाकरो मारियो। बाकरो मारियां पछै झोटिंग एक विपरीत रूप भूत करनै आयो। अकास सीस, पग धरती, इसो भूत आवतो दीठो।[19] चवदसरी चांदणी रात हुती।[20]

---

1 वळाही = निम्न श्रेणीकी एक जाति का पुरुष। 2 झोटेलाव तालावके ऊपर जहा वड वृक्ष है वहाँ जाकर लकडियोके दो भारे (गट्ठड) डाल दो। 3 खवास (चाकर) प्रधान और उमराव मुहके सम्मुख खडे हैं। 4 आज आप घर पर पधारें। 5 भाभी (भावी, वाभी) = निम्न श्रेणीकी एक जाति का पुरुष। 6 सिखराजीको एक बकरा लाकर दे देना। 7 आज झोटेलाव तालाव पर शूले (कवाब) वना कर घर पर जाना। 8 पहुचे। 9 घोड़े पर चढे-चढे ही वडकी शाखा (जटा)से डोरको वाध कर घोड़ेसे नीचे उतरे। 10 दोवड = दो परतो वाली चादर। 11 घोडोको दुमची दे दी। 12 रखी। 13 रख दिये। 14–15 चकमकको झाड कर अग्नि वनाई और अगीठी जगाई। 16–17 स्नान करनेके लिये घोती निकाली और तालावमे प्रवेश किया। 18 यह। 19 ऐसा भूत आता हुआ देखा। 20 उस दिन शुक्ल पक्ष चौदसकी चादनी रात थी।

पछै असवार ४ वासै जगमालजी सेसू मेल्हिया—'देखां सिखरो कासू करै छै ? सु थे जोय आवो ।'[1] ताहरा सेसू ऊभा जोवै छे ।[2] ताहरा सिखरै भूतनू कह्यो—'जु तै इतरो सरीर वधारियो सु हू डरू नही ।[3] हूं आदमी इतरै सरीरनू पोहचू ।'[4] ताहरा भूत माणस जेवडो हुवो ।[5] सिखरो बोलियो—'जु तू ही आव । सूळा खाह ।[6] आपा पछै लड़स्या ।' ताहरा भूत आय गोढै[7] बैठो ।

सिखरै काढि छुरी अर बाकरारी खाल काढी ।[8] बाकरो टांकणै कियो ।[9] पीडी तां[10] मास उतारियो । भीनी पोत ऊपर मांस सूड-सूड़ अर राखियो ।[11] तरगस मांहै सूळो काढियो । बोटी लूण लाय अर सूळो उण झोटिंगरै हाथ दियो ।[12] जितरै झीटोळिया भूत बीजा ही आण बैठा ।[13] सिखरोजी बोलिया—'जु यांनू[14] कहो जु लकड़ियां लावै ।' ताहरां झीटोळिया भूत लकड़िया आंणण लागा ।[15] सिखरोजी सूळैरो बोटी आप ही खावै अर भूतनू ही हेक-हेक[16] दै । इसी भात बाकरो खाधो ।[17] वांसै बाकरारो सिरो रह्यो ।[18] ताहरां एक लकडीरो चाहोलो कर बाकरारै नाक माहैं देअर झोटिंगरै हाथ दियो ।[19] कह्यो—'जु तू दुवि ।' ताहरां झोटिग दुवण लागो ।[20] आप ऊठ अर वागो पहरियो । हथियार बाधा ।[21] ताहरा झोटिंगनू कह्यो—'जु बाकरैरा दात ढाक, मुहड़ै तीव दै ।'[22] तीब लगाई । ताहरा दांत

---

1 पीछे चार जासूस सवारोको जगमालजीने भेजा कि देखें, सिखरा क्या करता है सो तुम देख कर आओ । 2 शेषू (जासूस) खडे-खडे देख रहे हैं । 3–4 तूने इतना शरीर वढा लिया है इससे मैं डरता नही; लेकिन मैं आदमी जितने (लवे) शरीरको पहुच सकता हू । 5 तव भूत मनुष्यके जितने शरीर वाला हो गया । 6 शूले खा । 7 पास । 8 वकरेकी खाल निकाली । 9 वकरेको काटा । 10 से । 11 गीली धोती पर मासको उतार-उतार कर रखा । 12 तरकशमेसे शूल (तीर) निकाल करके और उस पर बोटियोके नमक लगा कर शूले झोटिंगके हाथ दिये । 13 इतनेमे दूसरे छोटे भूत भी वहा आकर वैठ गये । 14 इनको । 15 तव झीटोलिये भूत लकडिया लाने लगे । 16 एक-एक । 17 इस प्रकार वकरेको खाया । 18 पीछे वकरेका सिर रहा । 19–20 तव एक लकडीका चाहोला वना कर वकरेके नाकमे फँसा कर झोटिंगके हाथमे दिया और उसे कहा कि तू इसको इसमे खमोल दे । तव झोटिंग खसोलने लगा । 21 खुदने उठ कर वागा पहिना और हथियार बाँधे । 22 वकरेके दांतोको ढक कर मुह पर तीव लगादे (सी दे) ।

उघडै । ताहरां सिखरो तमकि अर घोड़ै असवार हुवो ।[1] ताहरां झोटिंग हाथी हुय आडो आय फिरियो । सबळा रोड़ा-झोड़ा हुआ[2] । ताहरां सिखरै झटको वाह्यो सु हाथीरी सूंड खिर पडी ।[3] बांठ-बांठ रूंख-रूख चीस हुई ।[4] असवार २ तो, वांसै मेल्हिया हुता त्यां माहिला मर गया ।[5] असवार २ मुरछागत हुवा ।[6]

ताहरां रावळजी असवार ४ प्रभाति वळै मेल्हिया ।[7] आगै आइ देखै तो घोड़ा कायजै कियां फिरै छै अर असवार नही ।[8] जणा २ ससकता लाधा ।[9] उणांनू आणिया ।[10] रावळ मालैजी परमेश्वररो नाम लेअर हाथ फेरियो । दिने दसै-बारैह बोलिया ।[11] ताहरां वात सारी ही जिसी दीठी तिसी कही ।[12]

रावळजी सिखरैजीनू पूछियो–'जु उण झोटिंगसू धको हुवो ?[13] ताहरां सिखरै कह्यो–'मिळियो तो खरो पण धको काई हुवो नही ।'[14]

यु सिखरो बहेलवो गयो रहै ।[15]

इति सिखरैरी वात सम्पूर्ण ।

---

1 तब सिखरा लपक कर घोडे पर सवार हो गया । 2 जबरदस्त लडाई हुई । 3 तब सिखराने तलवारका प्रहार किया सो हाथीकी सूड कट कर गिर पडी । 4 (हाथीकी चिघाड़ इतनी जोरसे हुई कि) जंगलका प्रत्येक वाठका (क्षुप) और वृक्ष चीस उठे (हिल गये ।) 5–6 पीछे जो सवार भेजे थे उनमेसे दो तो मर गये और दो मूर्च्छित हो गये । 7 फिर भेजे । 8 आगे आकर देखते है तो घोडे तो कायजा किये हुए फिर रहे है परन्तु सवारोका पता नही । 9 दो जने सिसकते हुए मिले । 10 उनको घर ले आया । 11 रावल मल्लीनाथजीने परमेश्वरका नाम लेकर उनके ऊपर हाथ फेरा तब कही दस बारह दिनोमें बोले । 12 तब सभी बात जैसी उन्होंने देखी वैसी कह सुनाई । 13 उस झोटिंगसे झपट हुई क्या ? 14 मिला तो सही, परन्तु ऐसी कोई झपट नही हुई । 15 इस प्रकार सिखरा वहलवे गया हुआ रह रहा है ।

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

अथ वात ऊदै ऊगमणावतरी

ऊदो ऊगमणावत ईंदो[1] महेवै रावळ मलीनाथजीरी चाकरी करै। तद वाघ १ गोयांणारै भाखरां रहै सो देस मांहै विगाड़ करै।[2] ताहरां रावळजी रजपूतांनू हुकम दियो–'चौकी द्यो।' ताहरां रजपूत चौकी दै, गोयाणारै डूगर दोळी[3]।

ताहरां एक दिन ऊदैजीरी चौकीरी वारी आई। ताहरां ऊदैजीनू कहाडियो।[4] ताहरां ऊदैजी कह्यो–'भलां राज !'[5] ताहरां ऊदो गयो। भाखर रोकियो। घेरनै वाघनूं पकड़ियो।[6] आणनै रावळजीनू सापियो।[7] ताहरा रावळजी कह्यो–'सैबास ! ऊदा सैबास !!' ताहरां वाघ रावळजी ऊदैनू बगसियो। ताहरां ऊदै लियो। लेयनै गळटो कर बांधिनै छोडियो। कह्यो–जी, वाघ मांहरो छै। जिको ईयैनूं मारै तो तीयैसू मांहरो वैर छै।[8] ताहरां वाघ फिरै, विगाड करै। कोई वाघ मारै नही। ताहरां वाघ फिरता-फिरता भाद्राजण जाय निकळियो।[9]

ताहरां भाद्राजण सीधळां वाघ मारियो। तठै वैर हुवो। ईंदा नै सीधळां माहोमांह वैर हुवो।[10] सीधळां ईंदां लड़ाई हुई। सीधळ २५ कांम आया। हिवै वैर पड़ियो।[11] भाद्राजण अर चौरासीरो मारग भागो। कोई मारग वहै नही। इसो वैर पडियो।[12]

---

1 ईंदा शाखाका ऊगमडेका वेटा ऊदा। 2 तव वाघ १ गोयणाके पहाडमे रहता है सो देशमे विगाड़ करता है। ('गोयणा' मालानीके मेहवे और राडधरेका एक पहाड है जो भीतरसे खोखला वताया जाता है।) 3 तव राजपूत गोयामणाके पहाडके चारो ओर चौकी देते हैं। 4 कहलवाया। 5 अच्छी वात है श्रीमान्। 6 पहाडको घेरा लगा करके रोक दिया और बाघको पकड लिया। 7 ला करके रावलजीके सुपुर्द कर दिया। 8 लेकरके गलेमे कपडा लपेट और वाघ करके छोड दिया और कहा कि यह वाघ मेरा है जो इसको मारेगा उससे मेरी दुश्मनी है। 9 तव वाघ फिरता-फिरता भाद्राजुन जा निकला। 10 तव भाद्राजुनमे सीधलोने वाघको मार दिया। ईंदो और सीधलोके आपस में शत्रुता हो गई। 11 अव शत्रुता और चेत गई। 12 भाद्राजुन और चौरासी (भाद्राजुनके ८४ गांवोका समूह)का मार्ग वन्द हो गया। कोई मार्ग चलता नही। ऐसी शत्रुता वंध गई।

ईहड़ सोळंकी सींधळांरो चाकर । सु ईहड़रै ऊदोजी परणिया हुंता । सु कोई आवै नहीं । मारग न वहै । यु करतां वरस सात हुवा ।[1]

एक दिनरो समाजोग छै ।[2] बाळसीसर तळाव ऊपर सिखरै ऊगमणावत गोठ कीवी छै ।[3] सारा ईंदा एकठा छै । अमल-पाणियां चाक हुवा छै ।[4] बाकरा मारिया छै । सोहिता हुवै छै । तिसै समईयै एक रजपूत बोलियो–'ऊदाजी ! कदै भाद्राजण ही जासो ?'[5] ताहरां ऊदैजी कह्यो–'आज जासां । जावणरी तो मन न हुती, पण थां कह्यो तो आज ही जावस्यां ।'[6] तद ऊदैरै चढणनूं काछण घोड़ी हुती तीयैनूं रातब अणायो ।[7] जवांरो आटो अर गुळ घोड़ीनूं दियो । ताहरां सिखरैजी उड़दावो देतां घोड़ीनूं दीठो । ताहरां कह्यो–'घोडीनूं उड़दावो क्युं ?'[8] ताहरां कहियो–'जी, ऊदाजी भाद्राजण जावसी ।' ताहरां सिखरैजी कह्यो–'जेथ इवड़ो वैर पड़ियो, गाडां-गाडां मांटी मरै, तेथ क्युं जाईजै ?'[9] ताहरां कह्यो–'जी, बोलिया तो दुगापचारी* आॅण छै ।[10]

आथवणरी विरिया, बीजै साथ तो घरानूं खड़िया, ऊदैजी भाद्राजणनूं खड़िया ।[11] आधी रात आगै, आधी रात पाछै, भाद्राजण जाय पुहुता ।[12] ताहरां उघाड फळसो मांहि हालिया ।[13] आगै सरगरै

1 सोलकी ईहड सीधलोका चाकर और इधर ईहड़के यहां ऊदोजी व्याहे थे । सो कोई आता जाता नही । मार्ग पर किसीका चलना भी बद हो गया । इस प्रकार सात वर्ष हो गये । 2 एक दिनका प्रसग है । 3 वालसीसर तालावके ऊपर सिखरै ऊगमणावत (ऊदाका भाई)ने गोठ की है । 4 अफीम, शराब आदि लेकरके नशेमें चूर हो गये है । 5 ऊदाजी ! कभी भाद्राजुन भी जाओगे ? 6 आज जायेंगे । जानेकी तो मनमें नही थी, परन्तु तुमने कह दिया है तो आज ही जायेंगे । 7 ऊदाके चढनेके लिए कच्छी घोडी थी उसके लिए रातिव मगवाई । 8 तव सिखरोजीने घोडीको अरदावा देते हुए देखा, तव कहा कि घोडीको अरदावा क्यो दिया जा रहा है ? 9 जहा इतनी अधिक शत्रुता वनी हुई, गाडे-गाडे (अनेक गाडोंमें भरे जायें जितने, अर्थात् वहुत अधिक) मनुष्य मरते हैं, वहा क्यो जाना चाहिये ? 10 वोले तो (मना किया तो) आपको दुगापचाकी(?) शपथ है । 11 संध्याके समय दूसरे सभी तो घरोको चले परन्तु ऊदाजी भाद्राजुनको रवाना हुए । 12 मध्य रात्रिको भाद्राजुन जा पहुचे । 13 फलसा खोल करके अदर चले ।

पाठान्तर–*दुगाय चा, दुर्गापंचा ।

जायनै ईहडदे जागविया। कह्यो–'जी! ऊदोजी आया।' ताहरां बारणो खोल माहै लिया। ढोलियो बिछाय दियो। ऊदोजी जाय पोढिया।[1]

घोडी हुती सु कायजै कीवी ऊभी हीज रही। कायजो उखेलियो नही। वीसर गया।[2] ताहरा ऊदोजीरो साळो जागियो। देखै तो घोड़ी छै। ओळखी तो घोडी ऊदोजीरी।[3] ताहरां ऊठनै घोड़ी पकडी दीठो–'जायनै पायगा माहै बाधू।' ताहरा घोड़ी लेअर हालियो।[4] जिसड़ घोडी ताणियां जाय छै, तिसड़ ऊदोजी जागिया।[5] दीठो–'घोडी चोर लिया जाय छे।' जांणियो–'भाद्राजण मांहै चोर घणा छै।' वासांसू ऊदैजी तरवार काढ अर वाही सु बिधड़ हुआ।[6] तितरै ओळगाणी जागी। कह्यो–'जी! कासू कियो? म्हारो भाई मारियो?'[7] ताहरां ऊदैजी कह्यो–'जो हुई सो हुई।' ताहरां सासू जागवी[8]। कह्यो–'जी, थे जायनै पोढो। हुवणहार हुई।' आगै सीधळासूं वैर हुतो, हिवै साळो मारियो, हिवै वैर वधियो।[9] ताहरां ऊदैजी तो पाछली रातरा चढ परताळिया सो घरे गया।[10]

ताहरां मेळो सेपटो भाद्राजणरै काठै रहै।[11] सु मेळैरी नायण एक दिन ईहड सोळकीरै घरे गई हुती। सु उठै ऊदैरी वैर सोळकणी दीठी।[12] नायण सिनांन करायो। ताहरा नायण जायनै मेळैनू वात कही–'जु ईहडरी बेटी पदमणी छै। मेळाजी! आप लायक छै। इसी नारी फूटरी कठै ही नही दीठी।'[13] ताहरां मेळै भाद्राजणमे आयनै

---

1 सरगरेने आगे जा कर ईहड़देको जगाया और कहा कि ऊदाजी आये है। तव द्वार खोल करके ऊदाजीको अदर लिया और पलग विछा दिया। ऊदोजी जाकर सो गये। 2 घोडी कायजा की हुई ही खडी रही। कायजा खोलना भूल गये। 3 पहिचान की तो घोडी ऊदोजीकी मालूम हुई। 4 तव घोडी लेकर चला। 5 ज्यो ही घोडी खेंचे हुए जा रहा है त्यो ही ऊदोजी जग गये। 6 पीछे जाकर ऊदाजीने तलवार निकाल कर प्रहार किया सो धडके दो टुकडे हो गए। 7 इतनेमे वियोगिनी जगी तो कहा कि यह क्या किया? मेरे भाईको मार दिया? 8 जग गई, (जगाई गई)। 9 आगे सीधलोंसे शत्रुता थी ही, अव मालेको मार दिया, अव तो वैर और वढ गया। 10 तव ऊदोजीने तो पिछली रातको (घोडी पर) चढ कर फटकारा सो घरको चले गये। 11 भाद्राजुनके पास मेला सेपटा रहता है। 12 सो वहा ऊदेकी स्त्री सोलकिनीको उसने देखा। 13 ऐसी सुन्दर स्त्री कही नही देखी।

सोळकियांनू कह्यो–'थांहरो वैर ऊदै कना लू, थांहरी बहन मोनूं द्यो तो।'[1] ताहरां ग्रा वात सोळकणी सुणी, ताहरां सोळकणी कहाडियो–'मेळा ! म्हारो भरतार, जेठ इसड़ा नही सु तियारी बैर तूं ले जावै ग्रर उवानूं पाल ग्रर ग्रावै।'[2]

ताहरां सोळकणी सासरै बांभण मेल्है कहाड़ियो–'ग्रो मेळो सेपटो ईयै विध ग्रावै छै। थे जेठजी ! ईयैरा भली विध हीडा करजो।'[3] ताहरा बांभण जाय वालसीसर ग्रै समचार कह्या, ताहरां उवा ही रै सांजत हुवै छै।[4]

एक दिनरो समाजोग छै। सेपटो मेळो खानाजाद काछी चढिनै खडिया।[5] एकल ग्रसवार चढ खडिया। वालसीसररै तळाव जायनै उतरियो। ग्रागै एवाळिया ग्रायनै ऊभा छै।[6] तिकां एवाळियां हिमायचा भांगरा(?) नाखिया छै। तीर-धणियां मूकिया छै।[7] ताहरा मेळै पूछियो–'कठारा एवड ?[8] 'ग्रै म्होटा बाकरा ?[9] ग्रठै कोई रजपूत वसै छै किना नही ?'[10] एवाळिया कह्यो–'ऊगमड़ैरै बारह विरद।[11] काय खेडा बाकरा मरै छै, काय प्राहुणो ग्रावै ताहरा मरै छै। बीजूं नहीं मरै छै। विकै नही छै।'[12] ताहरा मेळै कह्यो–'ठाकुर ! बाकरो एक मोनू द्यो तो म्हे ही ग्राज थांसूं वातां करा, बैसा।'[13] ताहरां एवाळां[14] कह्यो–'लीजै राज !'

---

1 तुमारी बहिन मुझको दो तो तुमारा वैर मैं ऊदेसे लू। 2 तब सोलकिनीने कहलवाया कि मेला ! मेरा पति और जेठ ऐसे नही हैं सो तू उनकी स्त्रीको ले जाये और उनके तेरे पीछे चढने पर तू उनको रोककर (मारकर) सकुशल चला जाये। 3 तब सोलकिनीने ब्राह्मणको ससुराल भेज कर कहलवाया कि मेला सेपटा इस इरादेसे आ रहा है सो जेठजी ! आप इसकी खातिर भली प्रकार करे। 4 ब्राह्मणने वालसीसर जाकर जब यह समाचार कहे तब उधर भी तैयारी होने लग रही है। 5 मेला सेपटा खानाजाद कच्छी घोडी पर चढ कर चला। 6 आगे गडरिये भी आकर खडे है। 7 तीर कमान (जमीन पर) रखे हैं। 8 रेवड कहा के ? 9 ये इतने बडे बकरे ? 10 यहा कोई राजपूत भी वसता है किम्वा नही ? 11 ऊगमडेको बारह विरुद है। 12 या तो बाहर पर (चढाई करने पर) बकरे मारे जाते हैं या कोई पाहुना आये तो मारे जाते हैं, नही तो नही मारे जाते है और बेचे भी नही जाते है। 13 एक बकरा मुझको भी दो तो हम भी तुमसे यहा बैठ कर आज बातें करे। (तुमारे साथ बैठ कर उसे बनाएँ और खाएँ।) 14 गडरियेने।

मेळै कह्यो–'यूं ही नही ल्यूं। जो थे मोल ल्यो तो ल्यूं।'[1] ताहरां एवाळां कह्यो–'दीजै राज !' ताहरां मेळै सेपटै नव फदिया पड़दी मांहेसूं काढिनै दिया।[2] ताहरां उवां कह्यो–'बाकरो लीजै राज !' ताहरां वडो जूह बाकरो जोयनै लियो।[3] लेयनै मारियो। ताहरां हाड काढि-काढि जुदा किया।[4] सुणियो हुतो सिखरैरे कूतरा दोय छै सु चोर ढूकण नही पावतो।[5] तै वासतै हाडांसूं लेयनै कूरबांण भरियो।[6] ऊपर कसो बाधो।[7]

पछै बाजरी घातनै बाजरियो कियो।[8] ताहरां खीलोहरियां कह्यो–'राज ! जीमण तयार छै। आप हालो। जीमण विराजो।' ताहरा आपही जीमिया, खीलहरी पण जीमिया।[9]

पछै ऊठ हथियार बांध, घोड़ैरा तंग खांच, खीलहरियांसूं विदा कीवी।[10] मेळै कह्यो–'मांहरै तो वीकूपुर जावणो छै।[11] ताहरा खीलहरियां कह्यो–'राज ! बोहुड़ता आवो तो ईयै तळाव आवजो।[12]

पछै मेळै उठासूं खड़िया सु गांम आय लागो।[13] ताहरां कुत्ता सांम्हां दोड़िया। ताहरां कुत्तांनूं हाड नांखिया।[14] कुत्ता तो हाडै विलूबिया।[15] आप आघो[16] गांम मांहै चालियो। भाथै अफीमरो पोतो हुतो सु खिर पड़ियो।[17] पछै कूतरांनूं मारनै गांम मांहै

---

1 यदि तुम मूल्य लो तो लू, योही (मुफ्तमे) नही लू। 2 तब मेले सेपटेने पर्दीमेसे नौ फदिये निकाल करके दिये। (फदिया = रुपयेके आठवें भागका (दुअन्नी बराबर) एक छोटा सिक्का।) 3 तव एक वहुत पुष्ट वकरा देख कर लिया। 4 तव हड्डियोको निकाल निकाल कर अलग किया। 5 सुन रखा था कि सिखरेके दो कुत्ते ऐसे हैं जिनके कारण कोई चोर लग नही सकता। 6 इसलिए हड्डियोको लेकर कूरवान भर दिया। (कूरवाण = एक पात्र।) 7 ऊपर (वस्त्रसे ढक कर) कसना बाँध दिया। 8 फिर (मासमे) वाजरी डाल करके वाजरिया वनाया। 9 तव गडरियोने कहा कि राजन् ! भोजन तैयार है। आईये ! जीमनेको वैठिये। तव खुद ही जीमे और गडरिये भी जीमे। 10 पीछे उठ कर शस्त्र वाधे, घोडेके तग खींचे और गडरियोसे विदा ली। 11 हमारे तो वीकूपुर जाना है। 12 तव खिलहरियोंने कहा–राजन् ! लौटते आओ तव इस तालाब पर फिर आईये। 13 फिर मेला वहाँसे रवाना हुआ सो गाँवके पास आ गया। 14 तव कुत्ते सामने दौडे तो उनको हड्डियें डाल दी। 15 कुत्ते तो हड्डियोको चाटने लग गये। 16 आगे। 17 भाथेमे अफीमका पोतो था सो गिर गया।

धसियो।[1] आगै जायनै देखै तो ऊदाजी पोढिया छै। ताहरां मेळै जायनै हथियारांरी वाधरचां वाढी। सेजबध वाढिया। अस्त्रीरी चोटी वाढी। तरगसांरा पंखारा वाढिया। वाढनै मेळो पाछो वळियो।[2]

इतरै रजपूतांणी जागी। जागी अर कह्यो–चोरासिया ठाकुर! सेपटो ठाकुर आयो हुतो। माथै हाथ लावै तो चोटी नही। इतरै सिखरो जागियो।[3] ऊठनै बरछी हाथ लेयनै घोड़ै आयो। अपलांणै घोड़ै चढियो, हाथ एकै बरछी लियां।[4] सिखरैरो घोडो नै ऊदैरी घोड़ी, बेऊ एकी छान में बंधै।[5] सु घोडीरी वा बछेरी मास ११री सु घोड़ै ही आगै चरै नै घोडी ही आगै चरै।[6] सिखरो चढि अर नीसरियो, ताहरां वा बछेरी घोड़ैरै लारै हुई।[7] हिवै सिखरो बाहिर आयो। देखै तो घोड़ैरा खुर, मेह वूठो हुतो सु दीखण लागा[8] आगै देखै तो कूतरा वढिया पड़िया छै।[9] कूतरारै कनारै धवळो सो क्युं पड़ियो छै।[10] जोयो, देखै तो अमलरो पोतो छै।[11] ताहरां सिखरैजी उठाय लियो, घात घोड़ैरै .... पगै लगाय फिटा किया।[12]

पछै मेळो कोढणैरै तळाव गयो।[13] प्रभात हुवो। ताहरां मेळै पोतो सभाळियो। देखै तो पोतो नही। ताहरा उतर घोड़ैसू, बिछा-

---

1 पीछे कुत्तोको मार करके गावमे घुसा। 2 आगे जाकर देखा तो ऊदाजी सोये हुए है। तब मेलेने जाकरके शस्त्रोकी डोरियें काट दी, सेजवध काट दिये, स्त्रीकी चोटी काट ली और तरकशोके पख काट लिये। ये सब काट करके मेला वापिस लौटा। 3 इतनेमे सिखरा जगा। 4 उठ करके बर्छीको हाथमे लेकरके घोडोंके पास आया। हाथमे एक बर्छी लेकर विना जीन कसे हुए घोडे पर चढ गया। 5 सिखरेका घोडा और ऊदेकी घोडी दोनो ही एक छप्परमे बँधते है। 6 सो घोडीकी ११ महीनोकी बछेरी घोडे और घोडी दोनो के साथ चरती है। 7 तब वह बछेरी घोडेके पीछे हो गई। 8 अब जब सिखरा बाहर आया तो देखता है कि वर्षा हुई थी जिसमें घोडेके खुर मँडे हुए दिखाई देने लगे। 9 आगे देखता है तो कुत्ते कटे हुए पडे हैं। 10 कुत्तोके पास सफेद-सा कुछ और पडा है। 11 देखा तो अफीमका पोता है। 12 सिखरोजीने उसे उठा लिया और घोडेके (हानेमे डाल और घोड़ेको एडी मार ?) चल दिया। 13 फिर मेला कोढणे गांवके तालाब पर गया।

वणा कर सूतो ।[1] सिखरो वांसै लागो थको ही आयो ।[2] आय अर जोयो ।[3] देखै तो, कोई सूतो छै । जोयो, भाई ! असवार तो ऊ हीज ।[4] पण सूतो क्यु ?'[5] ताहरां सिखरो घोड़सू उतरियो । उतरनै नैडौ आयो ।[6] आयनै कपडो ताणियो ।[7] ताहरां मेळो जागियो । कहियो–'ठाकुरारो नाम ?' कह्यो–'मेळो सेपटो ।' ताहरां सिखरो बोलियो–'मेळाजो ! चवरासी छेडी छै, ठांम-ठाम ढोल हुआ छै, ऊदै सारीखा रजपूत छेड़िया छै, अर थे पोढिया छो ? कासू जाणो छो ?'[8] ताहरा मेळो बोलियो–'ठाकुरांरो नांम ?' कह्यो–'जी, म्हारो नांम सिखरो ।' ताहरां मेळै कह्यो–'सिखराजी ! हू तो बायड़ियो छूं ।'[9] ताहरां कह्यो–'ऊठो ठाकुरां ! अमल करो ।'[10] ताहरां कह्यो–'जी, अमल तो हू म्हारै पोतैरो खाऊ छूं, सु म्हारो पोतो खिरियो ।'[11] ताहरां सिखरै पोतो काढि अर हाजर कियो । कह्यो–'जी, ओ ठाकुरारो पोतो छै, आरोगो ।'[12] ताहरां सिखरैजी मेळैरै घोड़ै छागळ हुती, तिका आणनै मेळैनू अमल करायो ।[13] ताहरा सिखरै कह्यो–'मेळाजी! आप पोढो, ज्यु हू ठाकुरांनू दाबू ।'[14] ताहरां मेळोजी पोढिया । सिखरोजी दुड़बड़ियां देण लागा, ज्युं मेळोजीनू अमल आयो, घोरांणो ।[15] ताहरां सिखरै मेळैजीनू जगाया । कह्यो–'जी, ठाकुरां ! उठो ।' ताहरा मेळोजी जागिया । सिखरैजी आंख्यां छटाई, हथियार

---

1 तब घोडेसे उतर कर और बिछौना बिछा कर सो गया । 2 सिखरा भी पीछे लगा हुआ आ पहुचा । 3 आ करके देखा । 4-5 सवार तो वही है, परतु सोया क्यो है ? 6 उतर करके निकट आया । 7 आ करके कपडा खीचा । 8 मेलाजी ! चौरासी प्रदेशको छेडा है, जगह-जगह (वाहरके) ढोल वज रहे है, ऊदा जैसे राजपूतको छेडा है और तुम यहा आ कर सोये हुए हो ? क्या जान रखा है तुमने । 9 सिखराजी ! मैं तो अफीमका व्यसनी हू । 10 अफीम लेओ । 11 अफीम तो मैं अपने ही पोतेका खाता हू और मेरा पोता कही गिर गया । 12 तव सिखरेने पोता निकाल कर हाजिर किया और कहा कि यह आपका पोता रहा, अफीम ले लीजिये (खाइये ।) 13 मेलेके घोड़े पर छागल टंगी हुई थी जिसको लाकर सिखरेजीने मेलेको अमल-पानी कराया (अफीम खिलवाया) । (छागल=वकरीके वच्चेकी खालकी वनी हुई छोटी मशक) । 14 मेलाजी ! आप सो जाइये, सो मैं आपको चपी कर दू । 15 तव मेलाजी सो गये, सिखरोजी मुक्की देने (चपी करने) लगे, जैसे ही मेलोजीको अफीमका नशा आ गया और नीदमें घुराने लगा ।

बंधाया।[1] कह्यो–'ऊठो मेळोजी ! किसी भांत जुध करस्यां ?'[2] ताहरां मेळोजी बोलिया–'घोड़ै असवार हुयनै जुध करस्यां।' ताहरां सिखरोजी बोलिया–'मांहरै घोडो अपलांणो छै।[3] पण थे कह्यो तो भलां, असवार हुवो।'[4] ताहरां मेळोजी घोड़ै असवार हुवा। घोड़ो तातो कर ताजणो लगायो नै मेळैजी तो आघा खड़िया।[5] सिखरोजी देखता ही रह्या। 'ऊ जाहि ! ऊ जाहि !'[6] ताहरां मेळैरै वांसै सिखरै खड़िया।[7] लारै घोड़ो लगाय फिटो कियो। घोड़ो सिखरैरो पहुचै नही, मेळैरै घोड़ैनू।[8] सिखरैरै घोड़ै लार वछेरी आई हुती, तिका वछेरी दोड़ती-दोडती मेळैरै घोड़ैसू आगै हुयनै वळे वछेरी पूठी आई।[9] आय अर वळै वछेरी आघी जावै, अर वळे अपूठी आवै।[10] वार दोय वछेरी ईयै जिनस आई।[11] ताहरां सिखरै दीठो–घोड़ो पहुंचै नही। ताहरां सिखरै वछेरी पाकड़ी, घोड़ै कनारै आई।[12] ताहरां लटी पकड़, सिखरो वछेरी असवार हुओ।[13] ताहरा वछेरी दोड़ी। जायनै मेळैरै घोड़ै आगै नीसरी।[14] ताहरां वछेरी अपूठो फिरी। ताहरा सिखरै साम्हां आय बरछो वाहो, सो मेळैरै बरछी दुसार हुई।[15] मेळो घोड़ैसू खिर पड़ियो।[16] सिखरोजी उतरिया। तितरै वासैसूं वाहर पण आई।[17] सिखरोजी ऊदैजीनू वात कही। ताहरां ऊदैजो कह्यो–'मेळैनू दाग द्यो।'[18] ताहरां मेळैनू दाग दियो।

---

1 सिखराजीने आँखें छुँटवाई और शस्त्र बँधवाये। 2 मेलाजी ! उठो। किस प्रकार युद्ध करेंगे ? 3 मेरा घोड़ा बिना जीनका है। 4 परतु तुमने कह दिया है तो अच्छी बात है, सवार हो जाओ। 5 घोडेको ताता करके चाबुक मारा और मेलोजीने तो दूर ही चला दिया। 6 वह जाय ! वह जाय ! सिखरोजी तो देखते ही रह गये। 7 तब सिखराने भी मेलेके पीछे चलाया। 8 घोडा पीछे दे कर खूब जोर मारा, परन्तु सिखरेका घोडा मेलेके घोडेको नहीं पहुच पाता। 9 सिखरेके घोडेके पीछे जो वछेरी आई थी, वह वछेरी दौडती-दौड़ती मेलेके घोडेसे आगे जाकर फिर वछेरी वापिस लौट आई। 10 आकर के फिर वछेरी (मेलेके घोडेसे) आगे निकल जाये और फिर लौट कर आ जाये। 11 इस प्रकार वछेरी दो वार आई और गई। 12 जब वछेरी घोडेके पास आई तो सिखरेने उसे पकड लिया। 13 तब (वछेरीकी) लटिया पकड करके सिखरा वछेरी पर सवार हो गया। 14 जाकरके मेलेके घोडेसे आगे निकल गई। 15 तब सिखरेने सामने आकर वर्छीका प्रहार किया सो मेलेके वर्छी आर-पार हो गई। 16 मेला घोडेसे गिर पड़ा। 17 इतनेमे पीछेसे वाहर भी आ गई। 18 मेलेका अग्नि संस्कार कर दो।

ताहरां सिखरैंजी कह्यो–'हालो ।' ताहरां ऊदो बोलियो–'मेळै सारीखा रजपूतरा समचार रड़वड़ता जावै, ताहरां कासू कोई जाणसी ?[1] हूं जायनै मेळैरी पाघ देय आवीस ।'[2]

ताहरां ऊदो पाघ लेयनै चालियो। जाय, मेळैरै गांम पुहंतो ।[3] आगै मेळैरो बेटो कोटडी मांहै बैठो छै। घूघरियां पलै घातियां छै ।[4] आपरा रजपूत सारा बैठा छै।[5] ताहरां ऊदो जायनै कोटड़ीरै बारणै ऊभो छै ।[6] ताहरां ऊदो बोलियो–'कुण ठाकुररी कोटड़ी छै ?'[7] ताहरां रजपूत बोलिया–'मेळाजी सेपटारी कोटड़ी छै ।' ताहरां ऊदो बोलियो । कह्यो–'ठाकुरां ! आ मेळाजीरी पाघ छै, मेळोजी काम आया ।[8] सिखरैंजीरै हाथरा घावां ठाकुर कांम आयो छै ।[9] साकारिया छै म्हां ।[10] आ पाघ छै ।' ताहरां मेळैरो बेटो बोलियो– 'राज ! वैर म्हां थासू कोई छै नही, वैर सारीखो हुवो छै।[11] मेळो अन्याई हुओ हुतो, मेळै आपरो कियो पायो ।[12] राज पधारो, मांहरै वैर कोई छै नही ।'[13]

ताहरां ऊदै कह्यो–'अै कुण-कुण ठाकुर छै ?'[14] कह्यो–'जी, ओ[15] मेळोजीरो बेटो छै। अै[16] दूसरा भाई छै। बीजा[17] रजपूत छै।' ताहरां ऊदोजी बोलिया–'सिखरैंजीरी बेटी मेळैजीरै बेटैनूं

---

1 मेले जैसे राजपूतका मृत्यु-सदेश इधर-उधर भटकता हुआ (उसके घर पर) पहुचे, तव कोई क्या जानेगा ? 2 मैं जाकरके मेलेकी पघड़ी दे आऊगा। 3 जाकरके मेलेके गांव पहुचा। 4 पल्लेमे घूघरिया डाले हुए हैं। (घूघरिया=उवाले हुए गेहूं और चनो-का एक नाश्ता।) 5 अपने (उसके) सभी राजपूत (भी पासमे) वैठे है। 6 तव ऊदा जाकरके कोटड़ीके द्वार पर खडा है। 7 किस ठाकुरकी यह कोटडी है ? 8 यह मेलाजीकी पाघ है, मेलाजी काम आ गये हैं। 9 सिखरेजीके हाथोके घावोसे ठाकुर काम आया है। 10 हमने अग्नि-सस्कार कर दिया है। 11 श्रीमान् ! तुमारे हमारे अव कोई वैर नहीं है। वैर वरावर हो गया है। 12 मेला अन्यायी हो गया था सो उसने अपने कियेका फल पा लिया। 13 आप पधारे, हमारा आपसे कोई वैर नही है। 14 ये (यहां वैठे हुए) कौन-कौन ठाकुर हैं। 15 यह। 16 ये। 17 दूसरे। 18 सिखरेजीकी वेटी मेलेजीके वेटेको दी (संवध किया।)

दीनो ।[1] देव ऊठियां पछै बांभण मूकां छा ।[2] वेगा पधारजो ज्यु परणावा ।'[3]

वैर वाढ अर ऊदोजी आपरै घरे आया छै ।[4] सखरा दिन हुवा ताहरां बाभण मेल्हनै मेळैजीरै बेटेनू तेड़नै परणायो छै ।[5] वैर भागो छै ।[6]

इति ऊदैजीरी वात सपूर्ण ।

1 सिखरेजीकी वेटी मेलेजीके वेटेको दी (वाग्दान-सबंध कर दिया) (पृ० २६४की टिप्पणी संख्या १८, अंतिम पंक्ति डिलीट समझें) 2 देव उठ जानेके वाद (कार्तिक शु० ११के देवोत्थान पर्वके वाद) ब्राह्मणको भेजते हैं। 3 जल्दी पधारना सो व्याह देंगे। 4 वैर मिटा कर ऊदोजी अपने घर आये हैं। 5 (वर्षा ऋतु मिट कर) अच्छे दिन हो गये तब ब्राह्मणको भेज मेलेजीके बेटेको बुला कर विवाह कर दिया। 6 शत्रुता मिट गई है।

॥ श्री गणशाय नम. ॥

अथ बूंदीरी वारता

बदी राव सुरजन राज करै* । राव सुरजनरै दोय बेटा । एकैरो नाव दूदो, जैसै भैरवदासोत चांपावतरो दोहीतरो । दूसरो भोज, तिको रावळ सहसमलरो दोहीतरो डूगरपुररै धणीरो ।[1a]

यु करता, दोनू भायां आपसमे दूदै अर भोज वडो वेध पड़ियो ।[2] ताहरा राव सुरजन वेटा बेऊं तेडिनै कह्यो—'थे मो ऊपर फिरिया । थे म्हारो कह्यो न मांनो । म्हैं राजसू कोई कांम नही । थे धरती वेंहच ल्यो[3] ।' ताहरां बूंदी तो ३६० गांमांसू दूदैनूं दीनी[4] । अर खडखटरो परगनो गाम ३६०सूं भोजनू दीधो[5] ।

---

*राव सुर्जन हाडा वि स १६११मे बूंदीकी गद्दी पर बैठा था । यह राजनीति-चतुर होते हुए भी उदार और धार्मिक-प्रकृतिका शासक था । इनके समयसे बूंदीका सबध मेवाड़से छूट कर मुगलोसे हो गया था । पर मुगलोकी अधीनता स्वीकार करते समयकी सधिमे बादशाह अकबरसे रावने यह शर्त तै करवा ली थी कि मेवाड़के ऊपर शाही आक्रमणके समय बूंदीकी सेना कोई साथ नही देगी । राव सुर्जनने द्वारकामे श्रीरणछोडरायका मदिर नया बनवाया था जो अभी तक स्थित है । काशीमे भी इन्होने कई घाट और महल बनवाये थे । काशीमे इनके निवासके समय गौड (बगाल) देशके एक कवि चन्द्रशेखरने चौहान वश और राव सुर्जनकी प्रशसामे 'सुर्जन चरित' नामक एक सस्कृत काव्यकी रचना की थी । इनकी मृत्यु वि स १६४२मे काशीमे ही हुई थी जहा इनका और इनके साथ सती होने वाली रानियोके स्मारक बने हुए हैं ।

[1a]स्व श्रीजगदीशसिह गहलोतने अपने 'राजपूतानेका इतिहास' द्वितीय भागमे बूंदी राज्यके राव भोजके वर्णनमे 'बांकीदासकी बात ११२६ के आधार पर (टिप्पणीमे उसका सकेत करते हुए) भोजको बासवाडाके रावल जगमाल उदयसिहोतका दोहिता लिखा है ।

---

1 एकका नाम दूदा जो चापावत जैसे भैरवदासोतका दोहिता और दूसरा भोज जो डूंगरपुरके स्वामी रावल सहसमलका दोहिता । 2 इस प्रकार चलते दूदा और भोज दोनो भाइयोमे परस्पर बड़ी अनबन हो गई (परस्पर बडा विरोध हुआ) । 3 तब राव सुरजनने दोनो बेटोको बुला कर कहा कि तुम मेरे ऊपर फिर गये, मेरी आज्ञाका पालन नही करते । मेरा इस राज्यसे अब कोई वास्ता नही । तुम धरतीका बट कर लो । 4 दूदेको दी । 5 भोजको दिया ।

ताहरां हमीर दहियो तिको भोजनूं कहै—'तोनू मारियो। दूदा आगै टिक सगै नही। दूदो तो काळ। दूदो तोनू गिणिया दिनामे मारसी।'[1] ताहरां भोज कहियो–'तो हमीरजी! हूं कासू करू?'[2] ताहरां हमीर कहियो—'तू अकबर पातसाह आगै जाह।' ताहरां भोज कहियो–'रूडां, थे कहियो सु हू जाईस। पण मोनू खरच जुडै नही।'[3] ताहरां हमीर कह्यो–'हूं लाख रुपिया देईस थांनू।'[4] ताहरा हमीर दहियै लाखेरीरा वोहरा कना लाख रुपिया पटू होयनै देराया।[5]

पछै भोज अकबर पातसाह कनै[6] गयो। सीकरी-फतैहपुर अकबर पातसाह हुतो, तेथ भोज गयो।[7] ताहरां वांसैसू[8] दूदैनू खबर हुई–'जु भोज पातसाह कनै गयो।' ताहरा दूदो डकरियो[9]–'भोजनू मारूं। पातसाहरै दरबार विचै मारू।' ताहरा वांसैसू दूदो ही सीकरी-फतैहपुर गयो। जायनै हेरो करायो।[10] ताहरां हेरै[11] कह्यो–'म्हां हेरियो छै।[12] वागो घोडो हेरियो छै।[13] इसडो वागो ईयै रंग घोड़ो भोजनू चढणनू छै।'[14] कह्यो–'रे! चोकस करै।'[15] कह्यो–'जी, म्है चोकस कियो छै।'[16]

ताहरां भोज दरबारनू वागो पहर तयार हुवो। घोड़ो आंण हाजर कियो।[17] जाहरां भोज घोड़ै असवार हुवण लागो, ताहरां घोड़ो धूजियो।[18] ताहरां जोगो गौड़ बोलियो–'दीवांण ईयै घोड़ै असवार न

---

1 तेरेको मार दिया। दूदाके आगे तू नही टिक सकता। दूदा तो तेरा काल है। दूदा तुझको गिने दिनोंमें मार देगा। 2 हमीरजी! तो मैं क्या करू? 3 तब भोजने कहा—'अच्छी वात है। तुमने कहा तो मैं जाऊगा, परन्तु मेरेको खर्च नही जुडता (खर्च करनेको मेरे पास पैसे नही हैं)। 4 मैं तुमको लाख रुपये दूगा। 5 तब हमीर दहियेने जामिन होकरके लाखेरीके वोहराके पाससे लाख रुपये दिलवाये। 6 पास। 7 अकवर वादशाह फतहपुर-सीकरीमे था वहा भोज गया। 8 पीछे से। 9 (१) भयभीत हुआ। (२) क्रोधित हुआ। (३) गुर्राया। 10 जाकरके गुप्त रूप से खवर कराई। 11 गुप्तचर। 12 हमने जांच कर ली है। 13 वागा और घोड़े का पता लगा लिया है। 14 ऐसा वागा और इस रगका घोडा भोजके चढनेको है। 15 अरे! चौकस पता लगाना। 16 मैंने चौकस (ठीक) पता लगा लिया है। 17 घोडा लाकर हाजिर किया। 18 तव घोडेको कँपनी हुई। (सवारी करते समय घोडेका कापना अपशकुन समझा जाता है और प्रस्थान रोक लिया जाता है)।

हुईजै ।' ताहरा भोज ऊ घोड़ो, ऊ वागो खवासनू वगसिया ।[1] आप बीजो[2] वागो पहरियो । बीजै[3] घोडै असवार हुवा । उवै घोड़ै खवास चढियो ।[4] पातसाहरै मुजरै गयो ।

अठै दूदो पण असवार हुवो । भोज पातसाहसू मुजरो कर पूठो बाहुडियो ।[5] दूदै दरबार मांहै नीसरतां उवै वागै खवास हुतो, सु खवासनू कटारी वाही ।[6] ताहरा खवास करकियो ।[7] ताहरा दूदै अपूठो घोडो वाळ अर कह्यो–'रे ! हेरो खोटो कियो ।'[8] कह्यो–'जी, म्है हेरो खरो कियो हुतो ।'[9] ताहरा कह्यो–'रे ! भोज राव सुरजनरो बेटो, कटारी लागां करकै क्यु ?[10] म्हारो भाई कटारी लागा क्यु करकै ?' ताहरा खबर कराई । ताहरा कह्यो–जी, ऊ वागो, घोड़ो खवासनू दिया ।' ताहरा दूदो अपूठो बूंदी आयो । आयनै कह्यो–'भोजनू पातसाह आगळ कुण मेल्हियो ?'[11] ताहरा कह्यो–'जी, हमीर दहियै मेल्हियो ।' ताहरा दूदो तीन हजार पाखरियासू हमीररै गाव किरवाड जाय उतरियो ।[12] उतरनै हमीरनू कह्यो–'भोजनू लाख रुपिया दीना, मोनू ही लाख रुपिया दै, काय मारिस ।[13] म्हारै वापरो रजपूत छै । छाडू नही, नही तो मारू । तै भोजनू क्यू मूकियो, पातसाह आगै ?'[14] ताहरा हमीर विचारियो–'कासू कीजै ?'[15] ताहरां हमीर छोटै भाई दौलतखाननू तेड़ियो[16] । तेड़नै[17] पूछियो– भाई ! कासू विचार कीजै ? मुसकिल घणी ही आई छै ।[18] जे रुपिया द्या तो जाट-गूजर कहावां । हाडोतीमे भूडा दीसा । न द्या तो मारीजा ।'[19]

---

1 तव भोजने उस घोडे और उस वागेको खवासको वख्शिश कर दिया । 2 दूसरा । 3 दूसरे । 4 उस घोडे पर खवास चढा । 5 भोज वादशाहको मुजरा करके पीछा लौटा । 6 दूदेने दरवारसे निकलते हुए उस वागेको पहने हुए खवास था इसलिये, खवासको कटारी मार दी । 7 तब खवास चिल्लाया । 8 तव दूदेने घोडा अपूठा (उल्टा) लौटा कर कहा कि अरे ! जाच गलत की । 9 मैंने जाच पक्की की थी । 10 राव सुरजनका वेटा होकरके कटारी लगनेसे क्यो करके ? 11 भोजको वादशाहके आगे किसने भेजा ? 12 तब दूदा तीन हजार परवरैत सवारोंके साथ हमीरके गाव किरवाडमे जाकर उतरा । 13 मुझको भी लाख रुपये दे नही तो मारूगा । 14 तूने भोजको वादशाहके आगे क्यो भेजा ? 15 क्या किया जाय ? 16 वुलवाया । 17 वुला करके । 18 वहुत ही मुश्किल आ बनी है । 19 यदि रुपये दें तो जाट-गूजर कहलाएँ, हाडोतीमे वुरे दीखें और नही देते हैं तो मारे जाते है ।

ताहरां दौलतखांन कहै–'हमीरजी ! थे यू करो। दूदैरै कटकमे पचीस अमराव छै आंपांनू मारणवाळा।[1] तिके थे मारो तो दूदो अपूठो जावै।'[2] ताहरां हमीर कह्यो–'रे दोला! सारो हाडोतीरा रजपूत मारणा? सारो सगा-सैण क्यूकर मारीजै?'[3] ताहरां दोलो कहै–'वडा ठाकुर समझ!' ताहरां हमीर कह्यो–'भलां भाई।'[4] ताहरा हमीर दूदैनू परधांन मेल्हिया।[5] कह्यो–जी, लाख रुपिया थांनू ही दईस।[6] भोजनू पटू हुयनै दरवाया छै, थांनू घररा दईस।[7] पण यू करो[8], पचास हजार तो रोकडा दईस नै पचास हजारमे घोड़ा हाथी देईस।' ताहरां दूदै कहियो–'वाह, वाह, भला।'[9] ताहरां परधांनां वात थपाडी।[10] ताहरां दूदै कहियो–'जावो, हमीरनू ल्यावो।' ताहरां हमीररा परधांनां कह्यो–'रावळै अमराव पचीस छै, तियारी मोनू बाह हुवै।[11] आज पछै दूदोजी जे वळै हमीरनू क्यु ही करै तो ईयारी बांह छै।[12] ताहरां दूदै अमरावां साग ही नू तेडिनै[13] कह्यो–'जावो, हमीरनू बांह द्यो अर हाथी घोड़ा ल्यावो।' ताहरा अमराव पचीसां चढ अर आया। हमीर आदमी ४०० जीनसालिया कर तयार एकै ठाम राखिया छै।[14] उवांनू पण भेद न दीनो।[15] कहियो–जी, लाख-लाख रुपियारो भरणो छै। कि-जाणां कासू नीवडै? थे चोकस ऊभा रहिज्यो।[16] जे कोई वात विगड़ै तो थे आय अणी भेळिया।'[17]

आपसमे भाईया ओ आलोच कियो हुंतो कै म्रग घोड़ै ऊपर उपाव करस्यां।[18]

---

1 दूदेके कटकमे अपनेको मारने वाले पच्चीस उमराव हैं। 2 उनको तुम मार दो तो दूदा वापिस लौट जाये। 3 अरे दौला! समस्त हाडोतीके राजपूतोको मारना? सभी सवर्घ। और सज्जनोको कैसे मारा जाय? 4 अच्छी बात है भाई। 5 भेजे। 6 लाख रुपये तुमको भी दूगा। 7 भोज को जामिन होकरके दिलवाये हैं, तुमको घरसे दूगा 8 परन्तु ऐसा करो। 9 वाह-वाह अच्छी बात। 10 तव प्रधानोने यह बात नक्की की। 11/12 आपके जो पच्चीस उमराव है, उनकी साक्षी मेरेको हो जाये। आज पीछे दूदोजी हमीरके विरुद्ध फिर कुछ करे तो इनकी साक्षी है। (बाँह=(१) शपथ। (२) वचन। (३) साक्षी। (४) मत। (५) विश्वास, भरोसा) 13 बुला करके। 14 हमीरने ४०० कवचधारी आदमी एक जगह (गुप्त स्थान) पर तैयार करके रखे हैं। 15 उनको भी भेद नही दिया। 16 क्या जानें क्या हो जाय, तुम सावधान रहना। 17 जो कोई बात विगड जाय तो तुम आकर युद्ध कर लेना। 18 भाइयोने परस्पर यह परामर्श (निश्चय) किया था कि मृग-घोड़ेके (मूल्यके) लिये लडाई करेंगे।

ताहरां वनो गौड और धनो गौड दूदैरे प्रधान छै, तिके आया छै। घोडा हाथियारी कीमत मडै छै।[1] कागळ[2] हाथ मांहै छै। घोडो जिको ४०० सौरो छै, तिकैरा ४० मांडै छै। हजाररो छै तैरो सवहेक माडै छै।[3]

ताहरां हमीररी बेटी सदाकुवर, तिकै वात जांणी।[4] तिका बोली–'म्हारो देवर छै सु उबारो।' कह्यो–'हिवै क्युकर ऊवरै?'[5] ताहरा वा बोली–'न उबारो तो हू कूकू छूं–'चूक छै', का उबारो।'[6] ताहरा दोलै जायनै उवैनू[7] कह्यो–'थांनू[8] बाई भीतर बुलावै छै।' ताहरा कह्यो–'जी, पछै आईस।'[9] ताहरा दोलै कह्यो–'पछै नही, पहली आवो। काई माहरी वात कहसी।'[10] ताहरा आयो। ताहरां माहै तेड़िनै कह्यो–'जी, वात सुणो।' ताहरां वात सुणणनै आघो[11] आयो। ताहरां तरवार कटारी काढि लीधी[12] अर आप वाहिर आई। छोकरी कपाट आडा दिया।[13] ताहरां आफळियो।[14] कह्यो–'भोजाई, कासूं कियो? हू आपच कर मरीस।'[15] ताहरां कह्यो–'चुप करो।'

ताहरां गोविंद कवियो-चारण हुंतो मांहै।[16] ताहरां हमीर कह्यो—'रे दोला! चारण ऊबरै।' कह्यो—'जी, क्युकर ऊबरै?'[17] कह्यो—'ज्युं जांणै त्युं उबार।'[18] ताहरां दोलै कह्यो—'गोयंदजी थे सीरावणी करो?'[19] ताहरां चारण कह्यो—'वाह-वाह।' ताहरां हमीर चारणनूं लेजायनै मिठाई पुरसी[20]। चारण तो जीमण बैठो।

ताहरां मोहण दहियो वरस १५ मांहै छै, तिकै ढाल तरवार ले जायनै आपरी मा आगै नांखी। कह्यो—'मा! म्हे हथियार युंही

1 घोडे और हाथियोंका मूल्य लिखा जा रहा है। 2 कागज। 3 जो घोड़ा चार सौ रुपयोंकी कीमतका है उसकी कीमत चालीस रुपये लिखते है और जो एक हजारकी कीमतका है उसकी कीमत एक सौ रुपये लिखते हैं। 4 उसने वातको जान लिया। 5 अव कैसे वचे? 6 नही वचाते हो तो मैं हल्ला करती हू कि धोखा है, नही तो उसे वचा लो। 7 उसको। 8 तुमको। 9 पीछे आऊगा। 10 हमारे सवधमे कुछ वात कहेगी। 11 आगे। 12 निकाल ली। 13 दासीने किवाड़ जड दिये। 14 तव पछडा (तडफड़ाया) 15 मैं पछाड खा कर (तड़फडा कर) मर जाऊगा। 16 तव कविया-चारण गोविंद भी भीतर था। 17 कैसे वचे? 18 जैसे हो तैसे वचाओ। 19 गोविन्दजी! तुम नाश्ता करो। 20 परोसी, परोस दी।

